बिहार सरकार

# मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलौजी, मुजफ्फरपुर – 842003

पत्रांक Acad/01 (M) मुजफ्फरपुर, दिनांकः– 16 /07/2018

**विषयः Weekly Academic Meeting (दिनांक 14.07.2018) की कार्यवाही का विवरण।**

आज की बैठक में प्राचार्य ने संस्थान संचालन के सम्बन्ध में विभाग से प्राप्त दिशा निर्देशों के आलोक में सभी बिन्दुओं पर बिन्दुवार चर्चा की।

बैठक में कुल 60 शिक्षक उपस्थित थे (असैनिक अभियंत्रण से 18, यांत्रिक अभियंत्रण से 13, विद्युत अभियंत्रण से 07, लेदर टेक्नौलॉजी से 04, फार्मेसी से 05, इन्फौरमेशन टेक्नौलॉजी से 02, इलेक्ट्रौनिकस एडं कम्युनिकेशन से 06, अपलाईड सांईस से 05)। उक्त दिशा निर्देशों के आलोक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गएः–

1. सर्वप्रथम प्राचार्य ने माननीया प्रधान सचिव के प्रतिवेदन की चर्चा की।
2. N.B.A. Accreditation और N.I.R.F. Ranking के विषय में चर्चा हुई और दिशा निर्देश दिये गये कि N.B.A के सदस्य हीं N.I.R.F के सदस्य होंगे। यह समिति 25 तारीख के पहले प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी, जिसमें संस्थान की आवश्यकताओं को दर्शाया जायेगा, और इस प्रतिवेदन को विभाग में 28 के पहले प्रस्तुत किया जायेगा। [Central Committee – Prof. Faiz Ahmad, Prof. Akash Priyadarshee, Prof. Vijay Kumar, Prof. Gulshan Kumar. Departmental Committee - Prof. Rishi Srivastva (Civil), Prof. Ravi Kant Ranjan (ME), Prof. Shahzad Ahsan (EE), Prof. Vijay Kuamr (IT), Prof. Arti Kumari (LT), Prof. Rakesh Kumar (ECE), Prof. Mithlesh Kumar Rai (Applied Science- LT)]
3. Time table committee को कक्षाओं के संचालन के लिये आवश्यक निर्देश दिये गयें तथा Tutorial Class को 15–15 छात्रों के समूह में विभाजित कर नया Time table बनाने का निदेश दिया गया तथा जबतक Revised Time table नहीं बन जाता है तब तक कक्षाओं का संचालन बिना रूके पिछले Time table के अनुसार चलता रहेगा।
4. Tech fest के संचालन के लिये Sept. - Oct. 2018 तथा Sports के संचालन के लिये Feb. – March 2019 को tentatively तय किया गया और इसके लिए शिक्षक एवं विद्यार्थी से मिलकर समिति का गठ़न किया जायेगा।
5. छात्रों के Biometric Attendance के लिये निम्नलिखित समिति (Manikant Kumar, Ashish Kumar-IT, Mohit Kumar) का गठन कर दिया गया जो Biometric मशीन खरीदकर विभिन्न विभागों में जल्द से जल्द Fix कर कार्यशील (Functional) करेंगे।
6. सभी विभागों को निर्देश दिये गये कि 20 जुलाई तक Short term course पर Proposal प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि इस साल के अन्त तक उसका संचालन किया जा सके।

7. छात्रावास अधिक्षकों को छात्रावास सम्बन्धित आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिये गये।

   हॅस्टल सं. – H2 के Supt. ने बताया कि वाशरूम की मरम्मत चल रही है।

   हॅस्टल सं. – H5 के Supt. ने बताया कि Mess की मरम्मत चल रही है, ताकि 2nd yr के छात्रों का Common Mess शुरू हो सके, इनका Common Mess पूर्व में भी चल रहा था।

   5th Sem. के छात्रावास में Supt. को Common Mess चलाने का निर्देश दिया गया। Supt. द्वारा यह बताया गया कि इस दिशा में छात्रों से बातचीत चल रही है।

   7th Sem. के छात्रों के training से लौटने के बाद उनके छात्रावास में Common Mess चलाने का निर्देश Supt. को दे दिया गया।

8. संस्थान में NCC/NSS के कार्यकलापों को आरम्भ करने के लिए डा० पी.सी. गुप्ता, सह–प्राध्यापक (रसायन विभाग) को अधिकृत किया गया।

9. संस्थान के फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमैटिक्स, जियोलॉजी तथा मानवता विभाग को एकीकृत करते हुए Department of Applied Sciences & Humanities का गठन किया गया। इन सभी विभागों में जो वरीय प्राध्यापक होगें वे उस विभाग के विभागाध्यक्ष होंगें।

10. यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक शनिवार को 3:30 अपराहन में Academic Meeting होगी, जिसमें प्रत्येक शिक्षक विगत सप्ताह में किये गये पठन–पाठन एवं आगामी सप्ताह के लिये आवश्यक Academic कार्यक्रम की प्रस्तुती PPT के द्वारा करेंगे।

11. सभी प्रयोगशालाओं एवं कर्मशालाओं की जिम्मेवारी संबंधित विषय के व्याख्याताओं एवं अनुदेशक (संविदा) को दे दी जाये ताकि इसका संचालन सुचारू रूप से हो सके।

12. छात्रों के साफॅट स्किल के विकास हेतु बिहार कौशल विकास मिशन के कुशल युवा कार्यक्रम को अनिवार्य रूप से चलाने के लिये डा० प्रकाश कुमार को जिम्मेवारी सौपीं गयी। उनके द्वारा यह बताया गया कि इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया है।

13. यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक सोमवार को सप्ताहिक लिखित परीक्षा ली जायेगी एवं उसी सप्ताह उसका मूल्याकन कर Website पर upload कर दिया जायेगा।

14. नये शिक्षकों द्वारा आग्रह किया गया की बैठने के लिये कुर्सी टेबल दिया जाये जिस पर यह निर्णय लिया गया कि आवंटन की प्रत्याशा में Local Fund से बजट आवंटन किया जायेगा और आवंटन प्राप्त होते हीं उसका समायोजन कर लिया जायेगा। चूँकि शिक्षकों को बैठने की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण पठन–पाठन प्रभावित हो रहा है, अतः यह भी निर्णय लिया गया कि उसकी खरीदारी GEM के मायध्यम से किया जाय। जिसकी जिम्मेदारी श्री मणिकान्त एवं श्री प्रभांशु को दी गई।

15. संस्थान में साफ–सफाई पौधा रोपन हेतु आवश्यक निर्देश दिये गयें।

16. TPO Cell का गठन कर दिया गया है और सारी जानकारी College Website पर upload कर दिया जायेगा।

17. New Website बनाई जा चुकी है और हर विभाग को निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द उसे update करें।

18. यह निर्देश दिया गया सभी व्यख्याता पठन पाठन कार्य से संबधित एक डायरी (Teacher Diary) संधारित करेंगे।

19. यह भी निर्णय लिया गया कि साप्ताहिक बैठक के MOM को कॉलेज Website पर upload किया जाएगा।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

Ridhi 16/07/18

Registrar
M.I.T. Muzaffarpur

Copy to

(1) Principal, M.I.T. Muzaffarpur
(2) P/I Website, M.I.T. Muzaffarpur
For Information and Necessary Action